रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर
JAIPUR
Rly. Rectt. Cell, N.W.R.

उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित

विषयः– सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा ग्रुप 'सी' के पदों की रिक्तियों को भरने क्रम में।

*****

सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा 'सी' ग्रुप के पदों की रिक्तियों को भरने हेतु जारी अधिसूचना संख्या 02/2019 के लिए ऑनलाईन परीक्षा/Computer Based Test(CBT) दिनांक 26 दिसम्बर 2019 को किया गया था। उक्त ऑनलाईन परीक्षा का परिणाम शीघ्र जारी किया जाएगा। उक्त अधिसूचना में अधिसूचित जिन पदो के लिए टंकण परीक्षा/मनोवैज्ञानिक परीक्षा/कौशल परीक्षा अपेक्षित हैं, का आयोजन अल्प अवधि में किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह तैयार रहें।

एएलपी पदो पर भर्ती हेतु **मनोवैज्ञानिक परीक्षा** भी ऑनलाईन परीक्षा/Computer Based Test(CBT) द्वारा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि मनोवैज्ञानिक परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप व अन्य जानकारी के लिए RDSO (www.rdso.indianrailways.gov.in -> Directorates -> Psycho Technical Directorate -> Candidates Corner) का अवलोकन करें।

Jr. Clerk cum typist & Sr. Clerk cum typist के पदों पर भर्ती हेतु **टंकण परीक्षा** का आयोजन कम्प्यूटर पर किया जाएगा। टंकण परीक्षा हेतु उपलब्ध कराए गए कम्प्यूटर्स में टंकण सामग्री में हुई गलती में सुधार हेतु एडिटिंग टूल का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। टंकण परीक्षा की अवधि 10 मिनट होगी। Remington या Inscript की बोर्ड लेआउट के विकल्प दिये जाएगें। अंग्रेजी टंकण हेतु Times New Roman या Calibri फॉन्ट साईज–12 में सामान्यतः प्रयोग होने वाले फॉन्ट के ही प्रयोग की सलाह उन्हें दी जाती है। पीसी पर हिन्दी टंकण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए फॉन्ट साईज–14 में Mangal या Krutidev फॉन्ट का ही प्रयोग करना है। हिन्दी में टंकण के लिए न्यूनतम अर्हक गति 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में न्यूनतम अर्हक गति 30 शब्द प्रति मिनट होगी। अभ्यर्थियों को हिन्दी या अंग्रेजी में टंकण के विकल्प का चुनाव करना होगा।

अपडेटस के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

(सं.740ई/आरआरसी/जीडीसीई/अधिसूचना/2019 दिनांक 23.01.2020)

23/1/2020

अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष

चेयरमैन
Chairman
रेलवे भर्ती कक्ष
Railway Recruitment Cell
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
North Western Railway, Jaipur

N.W.R.